भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 19.07.2023

आरेडिका के टीटीसी परिसर में किया गया वृक्षारोपण।

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में दिनांक 19.07.2023 को वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत टीटीसी परिसर में महाप्रबंधक श्री पी के मिश्रा ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ अमरूद और जामुन के 300 फलदार का वृक्षों का रोपण किया।

यह वृक्षारोपण कार्यक्रम पीसीई श्री राजेश अग्रवाल के दिशा निर्देशन में किया गया। वृक्षारोपण के लिए ट्रेड अप्रेण्टिस के प्रशिक्षणार्थिओं के श्रमदान के माध्यम से वृक्षारोपण के लिए तैयार गडढों में पौधों के रोपण का कार्य किया।

आगे इसी कड़ी में महाप्रबंधक महोदय ने टीटीसी परिसर का निरीक्षण किया एवं व्यवस्थाओं के संचालन का जायजा लिया। टीटीसी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षुओं की प्रशिक्षण पूर्व तथा प्रशिक्षण बाद कार्य–दक्षता में हुए कौशल के गुणात्मक परिवर्तन पर सराहा।

पूर्व समय में टीटीसी परिसर में रोपित अमरूद वाटिका का निरीक्षण किया। वाटिका के बीच रिक्त स्थानों पर अतिरिक्त पौधे लगाने का सुझाव भी दिया।

इस अवसर पर आरेडिका के सीएओ संजय कुमार कटियार, पीसीईई श्री हरीश चन्द्र, पीसीपीओं श्री अमर नाथ दुवे, पीसीएमओ श्री एम के शकरवाल, सहित विभागाध्यक्ष एवं उच्च अधिकारीगण ने वृक्षारोपण में सहभागिता की।

19.7.2023
(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी